सं: 1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 2 अगस्त, 2019

National Stock Exchange of India Limited, **Listing Department, Exchange Plaza,** **Bandra - Kurla Complex, Bandra (E)** **MUMBAI - 400 051.** **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड** **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051**	**Bombay Stock Exchange Limited,** **Department of Corporate Services,** **Floor - 25, PJ Towers, Dalal Street,** **MUMBAI - 400 001.** **बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001**

विषय: वि.व. 2019-20 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक (कों) की नियुक्ति

महोदया/महोदय,

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसरण में, आपको सूचित किया जाता है कि नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ने दिनांक 1 अगस्त 2019 के पत्राचार सं./सीए.वी/सीओवाई/केंद्र सरकार, पीएफ़सी(2)/120 के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 139 के अंतर्गत वि.व.2019-20 के लिए दास गुप्ता एंड एसोसिएट, चार्टेड एकाउंटेंट और गांधी मिनोचा एंड कंपनी, चार्टेड एकाउंटेंट को संयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। दास गुप्ता एंड एसोसिएट, चार्टेड एकाउंटेंट और गांधी मिनोचा एंड कंपनी, चार्टेड एकाउंटेंट की संक्षिप्त प्रोफाइल **अनुलग्नक I** में इसके साथ संलग्न है।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com

दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और गांधी मिनोचा एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की संक्षिप्त प्रोफाइल

दास गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, नई दिल्ली वर्ष 1971 से सांविधिक लेखापरीक्षा, फोरेंसिक लेखापरीक्षा, जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, जोखिम परामर्श, कॉर्पोरेट परामर्श एवं कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) परामर्शी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। फ़र्म में 12 भागीदार हैं और 100 से अधिक सदस्य शामिल हैं। फर्म के पास ओएनजीसी लिमिटेड, आईओसीएल लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, इंडियन एयरलाइंस लिमिटेड जैसे सीपीएसई; यूको बैंक लिमिटेड, इलाहाबाद बैंक लिमिटेड, भारतीय स्टेट बैंक जैसे सार्वजनिक क्षेत्र बैंक; लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जैसी इंश्योरेंस कंपनियों के केंद्रीय सांविधिक लेखापरीक्षा का गहन अनुभव है। फ़र्म के कार्यालय नई दिल्ली, पंचकुला, फरीदाबाद और गुड़गाँव में स्थित है।

गांधी मिनोचा एंड कंपनी, चार्टेड एकाउंटेंट की संक्षिप्त प्रोफाइल

मैसर्स गांधी मिनोचा एंड कंपनी एक प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म है, जिसे वर्ष 1975 में श्री अर्जुन देव गांधी द्वारा स्थापित किया गया था जो एक श्रेष्ठ चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। फर्म में 11 एफसीए भागीदारों + पेशेवरों की एक टीम शामिल है जिसमें चार्टर्ड एकाउंटेंट, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षक, कराधान विशेषज्ञ, प्रबंधन सलाहकार शामिल हैं जो बैंकों के वित्तीय संस्थानों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रम के लेखापरीक्षा में व्यापक अनुभव रखते हैं। फर्म विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ प्रबंधन सेवा प्रदान करता है- सभी क्षेत्रों में सार्वजनिक और निजी क्लाइंट के लिए सेवाएं प्रदान करता है।

टीम

उनकी एक व्यापक ज्ञान और अनुभव प्राप्त लोगों की समर्पित टीम है। उनका व्यावसायिक दृष्टिकोण और विशेषज्ञता ग्राहकों को उनकी संतुष्टि के लिए सेवा प्राप्त करने में मदद करती है। फर्म के कुछ प्रमुख सदस्य हैं:

सीए अर्जुन देव गांधी (भागीदार) फैलो चार्टर्ड एकाउंटेंट, कॉमर्स ग्रेजुएट
अर्जुन देव गांधी वर्ष 1971 से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्य हैं। उन्हें प्रत्यक्ष कर की कंसल्टेंसी और कॉर्पोरेट संबंधी मामलों का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

सीए अजय कत्याल (भागीदार) फैलो चार्टर्ड एकाउंटेंट, कॉमर्स ग्रेजुएट
अजय कत्याल वर्ष 1988 से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्य हैं। उन्हें प्रत्यक्ष कर की कंसल्टेंसी, आयकर मामलों और कॉर्पोरेट संबंधी मामलों का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

सीए भूपिंदर सिंह (भागीदार) फैलो चार्टर्ड एकाउंटेंट, कॉमर्स ग्रेजुएट
भूपिंदर सिंह वर्ष 1995 से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्य हैं। उन्हें प्रत्यक्ष कर की कंसल्टेंसी, कॉर्पोरेट संबंधी मामलों, परियोजना वित्तपोषण और बैंक लेखापरीक्षा का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

सीए मनोज भारद्वाज (भागीदार) फैलो चार्टर्ड एकाउंटेंट, कॉमर्स ग्रेजुएट
मनोज भारद्वाज वर्ष 2000 से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्य हैं। उन्हें प्रत्यक्ष कर की कंसल्टेंसी, कॉर्पोरेट मामलों, आंतरिक लेखापरीक्षा और बैंक लेखापरीक्षा का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

सीए गौरव गांधी (भागीदार) फैलो चार्टर्ड एकाउंटेंट, कॉमर्स ग्रेजुएट
गौरव गांधी वर्ष 2003 से इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्य हैं। उन्हें प्रत्यक्ष कर की कंसल्टेंसी, विश्व बैंक अनुदान से संबंधित परियोजनाओं और आंतरिक लेखापरीक्षा का व्यापक अनुभव प्राप्त है।